**रथ यात्रा** | श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ अनूपपुर, बिजुरी, कोतमा, अमरकंटक और जैतहरी में निकली रथयात्रा, की गई विशेष पूजा-अर्चना

# जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ रथ खींचने उमड़ा जनसैलाब

**अनूपपुर, नवभारत 16 जुलाई।** भगवान श्रीजगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा गुरुवार को अनूपपुर जिले में श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ निकाली गई।

अनूपपुर, बिजुरी, कोतमा, अमरकंटक, जैतहरी, राजेंद्रग्राम सहित जिले के विभिन्न नगरों में आयोजित रथयात्राओं में हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान का रथ खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे दिन 'जय जगन्नाथ' के जयघोष, हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना रहा।



### शिव मारुति मंदिर से शुरू हुई रथयात्रा

जिला मुख्यालय अनूपपुर में अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) केंद्र के तत्वावधान में दूसरी बार भव्य रथयात्रा निकाली गई। शिव मारुति मंदिर, सामतपुर से वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की प्रतिमाओं को सुसज्जित रथ पर विराजमान कर यात्रा का शुभारंभ किया गया।

### राज्यमंत्री ने यात्रा को किया रवाना

प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने भगवान की पूजा-अर्चना कर यात्रा को रवाना किया। रथयात्रा पीएचई कार्यालय, अंडरब्रिज होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पहुंची, जहां संध्या आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम और महाप्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ।

### विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने की पुष्पवर्षा

रथयात्रा के दौरान श्रद्धालु हरिनाम संकीर्तन करते हुए भगवान के भजनों पर झूमते नजर आए। नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया, जबकि जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने भी रथ की रस्सी खींचकर आस्था प्रकट की। पूरे मार्ग में सेवा समितियों द्वारा शरबत, पानी और प्रसाद की व्यवस्था की गई। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अमला पूरे समय तैनात रहा।

### आकर्षक झांकियों ने बढ़ाई शोभा

रथयात्रा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं सनातन संस्कृति पर आधारित आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। पारंपरिक वेशभूषा में सजे बालक-बालिकाओं की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। शंखध्वनि, घंटों की गूंज और भक्ति संगीत से पूरा नगर भक्तिरस में सराबोर दिखाई दिया।

### बिजुरी में स्वागत, मेधावियों का सम्मान

बिजुरी नगर में हनुमान मंदिर चौक से निकली रथयात्रा का विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारी संगठनों ने पुष्पवर्षा, तोरण द्वार और प्रसाद वितरण कर स्वागत किया। यात्रा के समापन पर महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण के साथ हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### मूसलाधार बारिश पर भारी पड़ी आस्था



**कोतमा नवभारत 16 जुलाई।** नगर के वार्ड क्रमांक-2 स्थित ऐतिहासिक सार्वजनिक पंचायत मंदिर से भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। इस पावन अवसर पर पूरा कोतमा नगर 'जय श्री जगन्नाथ' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

रथयात्रा का प्रारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, विशेष पूजा-अर्चना और विधि-विधान के साथ किया गया। इसके बाद भगवान जगन्नाथ, भ्राता बलभद्र और बहन सुभद्रा की अलौकिक व सुसज्जित झांकी को रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण पर रवाना किया गया।

#### पुष्पवर्षा से किया स्वागत

रथयात्रा नगर के विभिन्न वार्डों और प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। जगह-जगह पर स्थानीय निवासियों ने आरती उतारकर और पुष्पवर्षा कर भगवान का आत्मीय स्वागत किया। महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों ने कतारबद्ध होकर भगवान के रथ की डोरी खींची और जीवन की मंगलकामना की।

#### भीगते बदन और झूमते कदम

यात्रा के दौरान मौसम ने करवट ली और मूसलाधार बारिश शुरू हो गई, लेकिन भगवान के प्रति अगाध श्रद्धा के आगे मौसम बेअसर साबित हुआ। तेज बारिश के बीच भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। भक्तजन छाता छोड़कर पानी में भीगते हुए, ढोल-मंजीरों की थाप पर झूमते और भजन-कीर्तन करते नजर आए।

---

## एक नजर में



### अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में अवैध खनन एवं रेत के अवैध परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बिजुरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रेत से लोड़ ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। मामले में एक आरोपी के विरुद्ध बीएनएस एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार 14-15 जुलाई की दरमियानी रात विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र में बिना वैध अनुमति के रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिजुरी मुख्य मार्ग स्थित थाना तिराहा पर घेराबंदी कर वाहन चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली रोककर उसकी जांच की गई। ट्रॉली में रेत भरी हुई पाई गई। चालक ने अपना नाम बीहन कोल बताया। पुलिस द्वारा रेत परिवहन से संबंधित वैध अनुमति एवं दस्तावेज मांगने पर चालक कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।



### नगर परिषद डूमरकछार में किया गया पौधरोपण

**अनूपपुर, नवभारत।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गुरुवार को नगर परिषद डूमर कछार में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा आमजन को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि केवल पौधारोपण ही नहीं, बल्कि पौधों का संरक्षण भी पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### विद्यालय परिसर में किया गया वृहद पौधरोपण

**अनूपपुर, नवभारत।** शासन की महत्वाकांक्षी एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत गुरुवार को शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय बस्ती, अनूपपुर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अनूपपुर की उपाध्यक्ष सोनालिका तिवारी, पार्षद कंचन सिंह एवं सुभाष पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

---

**विद्यार्थी नामांकन व पाठ्यपुस्तक वितरण कार्यों की जिपं. सीईओ ने की समीक्षा**

## शीघ्र लक्ष्य पूरा करने के दिए निर्देश

**अनूपपुर, नवभारत 16 जुलाई।** जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने बुधवार को जिला पंचायत सभागार में जिले के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक लेकर छात्र नामांकन, अपार आईडी, छात्रवृत्ति, ओटीआर जनरेशन तथा पाठ्यपुस्तक वितरण सहित विभिन्न शैक्षणिक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी संस्था प्रमुखों को अभियान मोड में जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए सभी समस्याओं का समन्वय कर समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। सीईओ ने विद्यालय छोड़ चुके (ड्रॉपआउट) विद्यार्थियों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सतत संपर्क बनाए रखने तथा आवश्यक प्रोत्साहनात्मक प्रयास करने के निर्देश दिए।



## दोस्त को बचाने जलाशय में कूदा छात्र, मौत

**एसडीआरएफ की टीम ने देर रात शव बरामद किया**


**अनूपपुर, नवभारत 16 जुलाई।** जिले के अमरकंटक स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के एक छात्र की दोस्त को बचाने के प्रयास में जलाशय में डूबने से मौत हो गई। यह दर्दनाक घटना बुधवार शाम पोड़की जलाशय में हुई। सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और देर रात छात्र का शव बरामद किया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान बिहार के गया निवासी आर्यन कुमार उम्र 21 के रूप में हुई है। वह आईजीएनटीयू में बीबीए टूरिज्म द्वितीय वर्ष का छात्र था और हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया के सिलसिले में विश्वविद्यालय आया था।



### गहरे पानी में फंसने से हुई मौत

बताया गया कि बुधवार शाम आर्यन अपने दो दोस्तों के साथ पोड़की जलाशय घूमने गया था। इस दौरान उसका साथी उदित राज जलाशय के किनारे पानी की गहराई का अंदाजा लगाने के लिए पैर डाल रहा था। अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में गिर गया। तैरना नहीं आने के कारण वह डूबने लगा। साथी को संकट में देख आर्यन बिना देर किए उसे बचाने के लिए पानी में कूद गया। उसने उदित को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन स्वयं गहरे पानी में फंस गया और डूब गया।

## भोलगढ़ के जंगल में तीन हाथियों का डेरा



**अनूपपुर, नवभारत।** छत्तीसगढ़ से आए तीन जंगली हाथियों का दल पिछले 13 दिनों से अनूपपुर जिले के जंगलों और ग्रामीण क्षेत्रों में विचरण कर रहा है। बुधवार शाम हाथियों का दल जिला मुख्यालय से लगभग छह किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बरबसपुर के अंतर्गत भोलगढ़ के जंगल से निकलकर हाईवे किनारे पहुंच गया, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, तीनों हाथी 24 जून को छत्तीसगढ़ की सीमा पार कर अनूपपुर जिले में प्रवेश किए थे। इसके बाद से वे जैतहरी और अनूपपुर क्षेत्र के जंगलों में लगातार विचरण करते हुए अब भोलगढ़ के जंगल में डेरा जमाए हुए हैं। दिनभर जंगल में रहने के बाद हाथी शाम और रात के समय भोजन की तलाश में गांवों की ओर निकल रहे हैं। इस दौरान वे ग्रामीणों के घरों, खेतों और बाड़ियों में घुसकर नुकसान पहुंचा रहे हैं तथा घरों में रखा अनाज खा रहे हैं। मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात तीन में से दो हाथी भोलगढ़ के जंगल से निकलकर हाईवे पार करते हुए गांव पहुंचे।

## सोते समय सांप ने डसा, युवक की मौत

**शरीर में जहर तेजी से फैलने के कारण डॉक्टरों के प्रयास हुए विफल**

**अनूपपुर, नवभारत 16 जुलाई।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत परसवार गांव में जहरीले करैत सांप के डसने से 39 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

गुरुवार सुबह जिला अस्पताल में उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार परसवार निवासी लल्लू सिंह बुधवार रात अपने घर में रोज की तरह जमीन पर सो रहा थे। गुरुवार तड़के करीब 4 से 5 बजे के बीच उनकी अचानक नींद खुली और उन्हें तेज घबराहट महसूस होने लगी। उन्होंने पत्नी को जगाकर तबीयत खराब होने की जानकारी दी और घर से बाहर निकले। इसी दौरान उनकी नजर दरवाजे के पास कुंडली मारकर बैठे एक जहरीले करैत सांप पर पड़ी।



आशंका है कि सोते समय करैत ने उन्हें डस लिया था।

### इलाज के दौरान हुई मौत

लल्लू सिंह ने पत्नी को आवाज देकर डंडा मंगवाया और सांप को मार डाला, लेकिन तब तक उनकी हालत लगातार बिगड़ने लगी। परिजन और पड़ोसी तत्काल उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया। हालांकि शरीर में जहर तेजी से फैल जाने के कारण सभी प्रयास विफल रहे और गुरुवार सुबह करीब 7 बजे उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की।



## निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूरे किए जाएं : पंचोली

**कलेक्टर ने नगर पालिका का किया औचक निरीक्षण**

**कोतमा नवभारत 16 जुलाई।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 15 जुलाई को कोतमा नगरपालिका का औचक दौरा किया। इस औचक निरीक्षण से नगर पालिका कार्यालय और विभागीय गलियारों में हड़कंप मच गया। कलेक्टर ने पालिका के विभिन्न विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया और लंबित फाइलों व विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने शहर में चल रहे विभिन्न विकास और निर्माण कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और इंजीनियरों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किए जाएं।

### स्वच्छता व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई

कलेक्टर ने मुख्य रूप से शहर की साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर की और अधिकारियों को जमीनी स्तर पर सुधार करने की हिदायत दी। स्वच्छता के तय मापदंडों का केवल कागजों पर नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर कड़ाई से पालन होना चाहिए। वार्डों में नियमित रूप से कचरा संग्रहण और साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए।

### अधिकारियों को मुस्तैद रहने की चेतावनी

कलेक्टर ने नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहित सभी कर्मचारियों को मुस्तैदी से काम करने और जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाले आम नागरिकों के कार्यों में बेवजह की देरी नहीं हो। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नीलम सिंह चौहान, उपयंत्री और विभिन्न विभागों के प्रभारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण के दिए निर्देश

**कलेक्टर ने किया एमआरएफ सेंटर और लेगेसी वेस्ट साइट्स का निरीक्षण**

**अनूपपुर, नवभारत 16 जुलाई।** जिले में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बुधवार को नगर परिषद बरगवां (अमलाई), जैतहरी एवं नगर पालिका परिषद कोतमा के एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर और लेगेसी वेस्ट साइट्स का औचक निरीक्षण किया।



इस दौरान उन्होंने कचरे के संग्रहण, पृथक्करण, प्रसंस्करण एवं निष्पादन की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे का शत-प्रतिशत स्रोत स्तर पर पृथक्करण सुनिश्चित किया जाए।

### वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन पर विशेष जोर

उन्होंने कहा कि सूखे कचरे से पुनर्चक्रण योग्य सामग्री का समयबद्ध पृथक्करण कर उसका अधिकतम उपयोग किया जाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ नगरीय निकायों की आय में भी वृद्धि हो सके। उन्होंने एमआरएफ सेंटरों के नियमित संचालन, साफ-सफाई और वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन पर विशेष जोर दिया। लेगेसी वेस्ट साइट्स का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने वर्षों से जमा कचरे के सुरक्षित निष्पादन की प्रगति की समीक्षा की।

### 72.5 लीटर शराब जब्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत 16 जुलाई।** जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब के विरुद्ध अभियान के तहत सरई चौकी एवं करनपठार थाना पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 72.5 लीटर अवैध अंग्रेजी एवं देशी शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई में सरई चौकी पुलिस टीम ने ग्राम छीरपानी निवासी साहिल सिंह गोंड उम्र 22 वर्ष के घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान बिक्री के लिए रखी गई अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 50-50 पाव अंग्रेजी गोवा शराब के दो बैच (कुल 18 लीटर), 50 पाव मसाला देशी शराब (9 लीटर), 40.5 लीटर अवैध शराब जब्त की।

## गांजा और महुआ शराब जब्त, 2 गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान के तहत अनूपपुर जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन में बिजुरी पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए अवैध महुआ शराब और गांजा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार 15 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिलने पर ग्राम उमरदा में महिला चौरसिया बाई साहू के घर के पास स्थित एक खंडहर मकान में छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान दो पीले रंग के डिब्बों में रखी 21 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 2,520 रुपये बताई गई है। पुलिस ने शराब को जब्त कर आरोपिया के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांजा तस्कर पुलिस को देख भागने लगा

इसी दिन कस्बा पेट्रोलिंग के दौरान न्यू बस स्टैंड के पास पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस वाहन देखकर भागता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम श्यामलाल सिंह कंवर 70 वर्ष निवासी ग्राम उमरदा बताया। तलाशी के दौरान उसके झोले से 675 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

**लापरवाही** | पुल से बाहर निकली सरिया, रखरखाव और समय पर मरम्मत का अभाव

## जर्जर हुआ एसईसीएल का शिव लहरा सेतु, हादसे की आशंका

**कोतमा, नवभारत 16 जुलाई।** एसईसीएल के जमुना-कोतमा क्षेत्र द्वारा वर्ष 2002 में निर्मित शिव लहरा सेतु इन दिनों अपनी जर्जर स्थिति को लेकर चर्चा में है। रखरखाव और समय पर मरम्मत के अभाव में पुल की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है।

पुल के कई हिस्सों से कंक्रीट उखड़ चुकी है और अंदर की लोहे की सरिया बाहर दिखाई देने लगी है, जिससे इसकी मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह पुल क्षेत्र के ग्रामीणों और आसपास के लोगों के लिए प्रमुख संपर्क मार्ग है। प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन और भारी वाहन इस पुल से गुजरते हैं।



स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल की खराब स्थिति के बावजूद भारी वाहनों का आवागमन लगातार जारी है, जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुल के कई हिस्सों में कंक्रीट टूट चुकी है और सरियों पर जंग लग चुका है।

### पुल से गुजरने में लगता है डर

लोगों का कहना है कि अब इस पुल से गुजरने में डर महसूस होता है। स्थानीय नागरिकों ने एसईसीएल प्रबंधन से पुल क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत कराने तथा मरम्मत कार्य पूरा होने तक भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की है। पुल पर चेतावनी बोर्ड एवं सुरक्षा संकेतक लगाने की भी मांग की गई है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 25 हजार 250 रुपये आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई। दूसरी कार्रवाई में सरई चौकी पुलिस ने ग्राम बड़ीतुम्मी स्थित एक किराना दुकान पर छापेमारी कर विजय सिंह गोंड को अवैध रूप से शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया।